1425 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

कैंट की कुम्हार मंडी स्थित सामुदायिक केंद्र में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

अम्बाला हेल्थ-केयर एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार को अम्बाला कैंट के कुम्हार मंडी स्थित सामुदायिक केंद्र में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया। इसका उद्घाटन सिटी के विधायक विनोद शर्मा ने किया। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्तिरानी शर्मा की अध्यक्षता में लगाए गए शिविर में 1425 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। 82 लोगों की आंखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की पहचान की गई। सभी के ऑपरेशन सोसायटी द्वारा निःशुल्क करवाए जाएंगे।

मेगा चेकअप कैंप में मरीजों के दांतों की जांच करते डाक्टर।

शिविर में लगी मरीजों की लाइनें तथा दवाइयों के बारे जानकारी लेते विनोद शर्मा।

विनोद शर्मा ने मरीजों की जांच कर रहे 11 चिकित्सकों से मुलाकात की और मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी कार्य का जायजा लिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल यादव, ओमप्रकाश मलिक व कमलेश गुप्ता ने विधायक विनोद शर्मा के कैंट विकास कार्यों को भी अधिक गति प्रदान करने में सहयोग का अनुरोध किया। सोसायटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि शिविर में नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ और एमएम कालेज मुलाना के मेडिकल सुपरिटेंडेंट, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डा. सत्री सिंह आहलूवालिया, डा. विवेकशील मल्होत्रा, डा. एमके गोयल, महिला रोग विशेषज्ञ डा. नीरजा सिंगल, डा. तेजेंद्र तलवार, महेश गुप्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमित ग्रोवर, डा. एमएस नायक, डा. गुरदीप सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. अनित, फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुधा, डा. योगेश गर्ग, डा. हितेश ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की।

उन्होंने बताया कि शिविर में 450 जरूरतमंद मरीजों को चश्मे दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 80 मरीजों की ईसीजी, 250 लोगों के रक्त और 10 मरीजों की टीबी की जांच भी निःशुल्क की गई है। 11 फरवरी को सिटी की रविदास बस्ती में ऐसा ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर संचालन में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मीडिया एडवाइजर सुनील परती, डीसी शेखर विद्यार्थी, सीएमओ डा. सतीश अग्रवाल, डीएफओ जगमोहन शर्मा, डीडीपीओ रेणू जैन, कार्यकारी अभियंता रामफल सिंह, कांग्रेसी नेता अरुण गर्ग, परमिंद्र बबला, युवा अध्यक्ष जसमीत टोनी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष हीरा लाल यादव, नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन नीलम शर्मा, युवा कांग्रेस नेता शिव ओम गौतम, मुकेश जोशी, रविंद्र गुप्ता, डा. जयदेव, प्रिंसिपल डा. देशबंधु, डा. गुलशन भारद्वाज, एसडी भनोट, शिव कुमार शर्मा, सतीश द्विवेदी, नरेश सहगल, कमलेश गुप्ता, सिटीजन कार्उसिल के सचिव राज सिंह, दिनेश शर्मा, पंकज शर्मा भी मौजूद थे।